National Doctoral Conference conducted at ICFAI University – March 09, 2017

the pioneer

RANCHI | FRIDAY | MARCH 10, 2017

NATIONAL DOCTORAL CONFERENCE HELD AT ICFAI

National Doctoral Conference on 'Trends in Management Research' was conducted at ICFAI University on Thursday where, besides PhD scholars, researchers from institutions like IIT Kharagpur, ISM Dhanbad, Ranchi University, BIT Mesra and West Bengal State University presented papers on a number of aspects of research. Welcoming the participants, Prof. ORS Rao, Vice-Chancellor of the University said, "Objective of the conference is to improve quality of research by providing requisite inputs to researchers in area like Trends in Management Research and how to conduct quality research". A panel discussion was held to discuss the major factors to improve quality of academic research, which included choice of topic and quality of evaluation of thesis.

आज

www.ajhindidaily.com रांची, १० मार्च, २०१७

इक्फाई विवि में राष्ट्रीय डॉक्टरल सम्मेलन का आयोजन

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय के दलादली स्थित परिसर में राष्ट्रीय डॉक्टरल सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पीएचडी स्कॉलरों के अलावा आईआईटी खड़गपुर, आईएसएम धनबाद, बीआईटी मेसरा, रांची विवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने शोधपत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए इक्फाई विवि के कुलपति प्रो.आरएस.राव ने कहा कि भारत में 700 से ज्यादा विश्वविद्यालयों है, जिसकी शोध की गुणवत्त परिणामस्वरूप न होने के कारण कुछ ही विवि ऑन वैश्विक रैंकिंग में आते हैं। प्रो.राव ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने के लिए शोधकर्ताओं को आवश्यक जानकारी देना है। रांची विवि के पूर्व कुलपति डा. एए.खान ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के लिए जुनून की आवश्यकता होती है। प्रो.एलएन. भगत, आईएसएम धनबाद के प्रो.प्रमोद पाठक, आईआईटी खड़गपुर, बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में शैक्षणिक अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रमुख कारकों पर चर्चा करने के लिए एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें विषय का चुनाव, थीसिस के मूल्यांकन, गुणवत्ता शामिल थी। सम्मेलन के दौरान सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत करने वाले को पुरस्कार दिया गया। विवि के कुलसचिव डा. बीएन.सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सम्मेलन में पीएचडी स्कॉलर , विवि के संकल्प सदस्य एवं शोधकर्ता उपस्थित थे।

सन्मार्ग

रांची, शुक्रवार, 10 मार्च 2017 | 04

www.pmedia.in

शोध की गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्यशाला आयोजित

रांची : इक्फाई विवि ने राष्ट्रीय डॉक्टरल सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें पीएचडी स्कॉलरों के अलावा आइआइटी खड़गपुर, आइएसएम धनबाद, बीआइटी मेसरा, रांची विवि, बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने भाग लिया। सेमिनार में कुलपति प्रो ओ आर एस राव ने कहा कि देश में सात सौ से ज्यादा विश्वविद्यालय है जिनके शोध की गुणवत्ता के परिणामस्वरूप नहीं होने के कारण कुछ ही विश्वविद्यालय आज वैश्विक रैंकिंग में आते हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने के लिए शोधकर्ताओं को आवश्यक जानकारी देनी थी।

शुक्रवार, 10 मार्च 2017

हिन्दुस्तान

इक्फाई विवि में राष्ट्रीय डॉक्टरल सम्मेलन

रांची। इक्फाई विवि में गुरुवार को राष्ट्रीय डॉक्टरल सम्मेलन हुआ। इसमें आईआईटी खड़गपुर, बीआईटी मेसरा, आईएसएम धनबाद आदि के शोधार्थी शामिल हुए। मौके पर इक्फाई के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि देश 700 से अधिक विवि में शोध का काम चल रहा है। उसमें भी बहुत कम विश्वस्तरीय है।

दैनिक भास्कर

रांची, शुक्रवार 10 मार्च, 2017 | 06

इक्फाई विवि के नेशनल डॉक्टरल सम्मेलन में शोध पत्रिका का हुआ विमोचन

रांची | आरयू के पूर्व वीसी डॉ. एए खान ने कहा कि विश्वविद्यालयों की पहचान वहां होने वाले रिसर्च से होती है। इसलिए रिसर्च में क्वालिटी जरूरी है। वे गुरुवार को इक्फाई विवि झारखंड में नेशनल डॉक्टरल सम्मेलन में बोल रहे थे।

डॉ. खान ने कहा कि प्रबंधन के क्षेत्र में रिसर्च की क्वालिटी में सुधार जरूरी है। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए इक्फाई के वीसी डॉ. ओएस राव ने कहा कि देश में 750 से अधिक विश्वविद्यालय हैं, लेकिन रिसर्च में क्वालिटी नहीं रहने से ये विश्व रैंकिंग में स्थान नहीं बना पाते हैं। इस अवसर पर शोध पत्रिका का भी विमोचन किया गया। सम्मेलन में आईआईटी खड़गपुर, आईएसएम धनबाद, बीआईटी मेसरा, आरयू समेत अन्य संस्थानों के रिसर्च स्कॉलर्स ने शोध पत्र प्रस्तुत किया।